रेलवे भर्ती बोर्ड

RRB

तकनीशियन ग्रेड-III

अध्यायवार

सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री एवं प्रश्न बैंक

प्रधान सम्पादक
आनन्द कुमार महाजन

संपादन एवं संकलन
परीक्षा विशेषज्ञ समिति

कम्प्यूटर ग्राफिक्स
बालकृष्ण त्रिपाठी एवं चरन सिंह

सम्पादकीय कार्यालय
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
9415650134
Email : yctap12@gmail.com
website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/ www.yctbooksprime.com
© All Rights Reserved with Publisher
yct books official

प्रकाशन घोषणा
प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP YCT BOOKS, से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज के लिए प्रकाशित किया।
इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।
किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।

विषय-सूची

बुनियादी विज्ञान इंजीनियरिंग (Basic Science & Engineering)

- इंजीनियरिंग ड्राइंग उपकरण (Engineering Drawing Instruments) 5-8
- रेखायें (Line) 9-15
- ज्यामितीय आँकड़ें (Geometrical Figures) 16-20
- प्रतिकात्मक प्रतिनिधित्व (Symbolic Re-Presentation) 21-37
- इकाई (Units) 38-41
- मापन (Measurements) 42-48
- द्रव्यमान (Mass) 49-50
- भार/बल (Weight/Force) 51-54
- घनत्व (Density) 55-56
- कार्य (Work) 57-60
- शक्ति (Power) 61-64
- ऊर्जा (Energy) 65-70
- चाल या गति (Speed or Motion) 71-80
- वेग (Velocity) 81-85
- ऊष्मा (Heat) 86-95
- तापमान (Temperature) 96-101
- मौलिक विद्युतिकी (Basic Electricity) 102-115
- लीवर और सरल मशीन (Levers and Simple Machines) 116-118
- व्यवसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य (Occupational Safety and Health) 119-129
- पर्यावरण शिक्षा (Environment Education) 130-148
- आई.टी.साक्षरता आदि (I.T. Literacy etc.) 149-153

गणित (Mathematics)

- संख्या प्रणाली (Number System) 154-167
- बॉडमास नियम (Bodmas Rule) 168-169
- दशमलव (Decimals) 170-172
- भिन्नें (Fractions) 173-175
- लघुत्तम समापवर्त्य एवं महत्तम समापवर्तक (LCM-HCM) 176-178
- अनुपात-समानुपात (Ration and Proportion) 179-183
- प्रतिशतता (Percentage) 184-187
- क्षेत्रमिती (Mensuration) 188-191

- कार्य-समय (Time and Work) 192-193
- दूरी एवं समय (Time and Distance) 194-195
- साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज (Simple and Compound Interest) 196-199
- लाभ एवं हानि (Profit and Loss) 200-202
- बीजगणित (Algebra) 203-204
- ज्यामिती (Geometry) 205-225
- त्रिकोणमिती (Trigonometry) 226-230
- प्राथमिक सांख्यिकी (Elementary Statistics) 231-235
- वर्गमूल (Square Root) 236-237
- आयु गणना (Age Calculations) 238-239
- कैलेण्डर और घड़ी (Calendar and Clock) 240-248
- पाइप और टंकी (Pipes and Cistern) 249-251

सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्क (Reasoning)

- सादृश्यता/समानता(Analogies/ Similarities) 252-262
- अक्षर एवं संख्या श्रृंखला (Letter and Number Series) 263-266
- कोडिंग-डिकोडिंग (Coding and Decoding) 267-271
- गणितीय संक्रियाएँ (Mathematical Operations) 272-274
- रिश्ते/रक्त सम्बन्ध (Relationships/ Blood Relation) 275-277
- युक्तिवाक्य (न्याय निगमन) (Syllogism) 278-281
- अव्यवस्थित क्रम (Jumbling) 282-287
- वेन आरेख (Venn Diagram) 288-292
- आँकड़ों की व्याख्या और पर्याप्तता (Data Interpretation and Sufficiency) 293-294
- निष्कर्ष एवं निर्णय लेना (Conclusions and Decision Making) 295-300
- वर्गीकरण (Classification) 301-305
- दिशा-परीक्षण (Direction-Test) 306-309
- कथन-तर्क एवं धारणाएँ (Statement-Arguments and Assumptions) 310-312

सामान्य जागरूकता (General Awareness)

- विज्ञान और तकनीकि (Science and Technology) 313-316
- खेल (Sports) 317-320
- कला एवं संस्कृति (Art and Culture) 321-327
- व्यक्तित्व (Personalities) 328-330
- अर्थशास्त्र (Economics) 331-333
- राजनीति एवं अन्य महत्वपूर्ण विषय (Politics and any other Subjects of Importance) 334-336

पाठ्यक्रम (Syllabus)
तकनीशियन ग्रेड-III

वेतन स्तर-2 यानी तकनीशियनों-III के पदों के लिए सीबीटी का पैटर्न और सिलेबस :

(i) कुल अवधि : 90 मिनट और कुल प्रश्न : 100

(ii) प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक की दर से नकारात्मक अंकन किया जाएगा।

(iii) कई पारियों में आयोजित सीबीटी के अंकों का सामान्यीकरण किया जाएगा।

(iv) पात्रता के लिए न्यूनतम पास प्रतिशत : उर (UR) और ईडब्ल्यूएस (EWS)– 40%, ओबीसी (एनसीएल) – 30%, एससी–30%, एसटी–25%। कमी होने पर PwBD उम्मीदवारों के लिए इन प्रतिशत में 2% की छूट दी जा सकती है।

(v) **सीबीटी में प्राप्त अंकों को इस भर्ती प्रक्रिया के आगे के चरणों के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग के लिए गिना जाएगा।**

(vi) **वेतन स्तर-2 यानी तकनीशियन ग्रेड-III की विभिन्न श्रेणियां पदों के लिए सीबीटी के लिए पाठ्यक्रम :** प्रश्न बहुविकल्पीय उत्तरों के साथ वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे और निम्नलिखित पाठ्यक्रम में से संबंधित विषयों को कवर करने की संभावना है।

गणित : गणित–संख्या प्रणाली, बोडमास, दशमलव, भिन्न, एलसीएम, एचसीएफ, अनुपात और समानुपात, प्रतिशत, क्षेत्रमिति, समय और कार्य, समय और दूरी, सरल और चक्रवृद्धि ब्याज, लाभ और हानि, बीजगणित, ज्यामिति और त्रिकोणमिति, प्राथमिक सांख्यिकी, वर्गमूल, आयु गणना, कैलेंडर और घड़ी, पाइप और टंकी आदि।

सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्क: मानसिक क्षमता, सादृश्य, वर्णमाला और संख्या श्रृंखला, कोडिंग और डिकोडिंग, गणितीय संचालन, रिश्ते, सिलोगिज्म, जंबलिंग, वेन आरेख, डेटा व्यख्या और पर्याप्तता, निष्कर्ष और निर्णय लेना, समानताएं और अंतर, विश्लेषणात्मक तर्क, वर्गीकरण, दिशाएं, कथन-तर्क और धारणाएं आदि।

बुनियादी विज्ञान और इंजीनियरिंग : इसके अंतर्गत आने वाले व्यापक विषय इंजीनियरिंग ड्राइंग (अनुमान, दृश्य, ड्राइंग उपकरण, रेखाएं, ज्यामितीय आंकड़े, प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व), इकाइयां, माप, द्रव्यमान वजल और घनत्व, कार्य शक्ति और ऊर्जा होंगे। गति और वेग, गर्मी और तापमान, बुनियादी बिजली, लीवर और सरल मशीनें, व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य, पर्यावरण शिक्षा, आईटी साक्षरता आदि।

सामान्य जागरूकता : सामान्य जागरूकता समसामयिक मामले, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खेल, संस्कृति, व्यक्तित्व, अर्थशास्त्र, राजनीति और अन्य महत्व के विषय।

तकनीशियन ग्रेड-III के पदों के सीबीटी के लिए प्रश्नों और अंकों के संभावित विषय-वार विवरण

विषयों	प्रश्नों की संख्या	अंक
अंक शास्त्र	25	25
सामान्य बुद्धि एवं तर्क	25	25
सामान्य विज्ञान	40	40
सामान्य जागरूकता	10	10
कुल	**100**	**100**

(i) **अवधि:** 90 मिनट (लेखक (स्क्राइब) का उपयोग करने वाले PwBD ऊम्मीदवारों के लिए 30 मिनट के अतिरिक्त समय के साथ)

(ii) ऊपर दिया गया विषय-वार वितरण केवल सांकेतिक है। प्रश्न पत्र अलग-अलग हो सकते हैं।

01. इंजीनियरिंग ड्राइंग उपकरण (Engineering Drawing Instruments)

परिचय–अभियांत्रिकी आरेखन पूर्णतः रेखाचित्रों, विशेष नियमों, सूचनाओं तथा रूढ़ियों से समावेशित एक इंजीनियरिंग की भाषा है।

- किसी वस्तु के वास्तविक रचना प्राप्त करने के लिए पहले इसे कागज पर काल्पनिक चित्र के रूप में विस्तृत रूप से बनाया जाता है।

विचार अभिव्यक्ति के माध्यम–

1. मौखिक रूप में
2. लिखित रूप में
3. चिन्ह/संकेत रूप में
4. चित्र रूप में

ब्यूरो ऑफ इण्डियन स्टैण्डर्ड (BIS)–

- BIS को ISI (Indian standard Institution) भी कहा जाता है।
- इसके द्वारा ड्राइंग शीट साइज, ड्राइंग बोर्ड साइज, रेखा व प्रकार, डायमेंशनिंग आदि के सिद्धान्त दिए गए है।

आरेखन में प्रयुक्त उपकरण एवं सहायक युक्तियाँ

1. **ड्राइंग बाक्स–**इसमें ड्राइंग में प्रयुक्त लगभग सभी उपकरणों को रखा जाता है। जैसे–कम्पास, सेट स्क्वायर्स, ड्राइंग पिन, रबड़, फ्रेंच कर्व, पेन्सिल, डस्टर, प्रोट्रेक्टर, लेन्थिंग छड़, ड्राइंग पेन आदि।
2. **ड्राइंग बोर्ड–**इस पर ड्राइंग शीट सेट की जाती है।

   पदार्थ–कैल, जैतून या ओक की सीजन की हुयी लकड़ी।

   विशेषता–ऊपरी सतह समतल व चिकनी तथा नीचे दो बैटन (सहारने व विकृत होने से बचाने के लिए) प्रयुक्त। बाएँ सिरे पर एबॉनी एज या कार्यकारी सिरा (जिस पर T-स्क्वायर्स सेट की जाती)।

   साइज–

क्र.सं.	पद	माप (मिमी.)	नाम
1.	D_0	$1500 \times 1000 \times 25$	एन्टीक्वेरियन
2.	D_1	$1000 \times 700 \times 25$	डबल एलिफेन्ट
3.	D_2	$700 \times 500 \times 15$	एम्पीरियल
4.	D_3	$500 \times 350 \times 15$	हाफ इम्पीरियल

नोट– 1. विद्यार्थियों द्वारा D_2 साइज ज्यादा प्रयुक्त किया जाता है।
2. बोर्ड सामान्यतः 20^0 कोण पर सेट किया जाता है।

3. **टी-स्क्वायर (Tee-square)–**ड्राइंग बोर्ड पर सेट करके इसके द्वारा ड्राइंग शीट पर क्षैतिज तथा समान्तर सीधी रेखाएँ खींची जाती है।

   पदार्थ–सामान्यतः सागवान की लकड़ी प्रयुक्त। इसके शीर्ष तथा पटल के सिरे आबनूस का बनाया जाता।

   विशेषता–

   यह T-आकार का होता है। इसके दो मुख्य भाग है–
   1. शीर्ष, 2. पटल

   - टी-स्क्वायर का शीर्ष ड्राइंग बोर्ड के कार्यकारी सिरे पर सेट किया जाता है व पटल, के द्वारा क्षैतिज व समान्तर रेखाएँ खींची जाती हैं।
   - शीर्ष तथा पटल दोनों ही एक-दूसरे से 90^0 कोण पर स्क्रू द्वारा समंजित होता है।

साइज–

क्र.सं.	पद	ब्लेड (पटल) की लम्बाई (mm में)
1.	T_0	1500
2.	T_1	1000
3.	T_2	700
4.	T_3	500

4. सेट-स्क्वायर्स (Set squares)–

- दो प्रकार के सेट स्क्वायर–1. 45^0–45^0–90^0
  2. 30^0–60^0–90^0
- समकोण त्रिभुज जैसी आकृति।

पदार्थ–पारदर्शक प्लास्टिक, एक्रोलिक शीट तथा सेल्यूलॉयड।

विशेषता–साधारणतः T-स्क्वायर के साथ सेट-स्क्वायर्स प्रयुक्त।

प्रयोग–क्षैतिज, झुकी हुयी (15^0 के गुणांक में) रेखाएँ, खड़ी रेखाएँ व कोण खींचने में।

5. मिनी-ड्रॉफ्टर–

- यह बड़ी ड्रॉफ्टिंग मशीन का लघु रूप है।
- इसमें T-स्क्वायर, सेट-स्क्वायर, स्केल (मापनी), प्रोट्रेक्टर (चाँदा) सभी के गुण विद्यमान होते हैं।
- इसके प्रोट्रेक्टर में 0^0–360^0 तक कोण अंकित होते है।
- स्केल व प्रोट्रेक्टर पारदर्शी होती है।

प्रयोग–ऊर्ध्वाधर, क्षैतिज, तिरछी, समान्तर कोई भी सीधी रेखा खींचने के लिए प्रयुक्त।

प्रकार (Types)–1. मिनी ड्रॉफ्टर हॉरिजोन्टल
2. मिनी ड्रॉफ्टर वर्टिकल
3. यूनिवर्सल मिनी ड्रॉफ्टर

6. चाँदा (प्रोट्रेक्टर)–

- अर्द्धवृत्ताकार (100 mm व्यास का)।

पदार्थ–पारदर्शक प्लास्टिक, एक्रोलिक या सेल्यूलॉयड।

विशेषता–0^0 से 180^0 तक के कोण अंकित होता है।

7. मापनी (Scale)–

पदार्थ–स्टेनलेस स्टील, पारदर्शक प्लास्टिक, एक्रोलिक शीट, सेल्यूलायड, लकड़ी आदि।

प्रयोग–किसी वस्तु की ड्राइंग को उसकी वास्तविक माप, बड़े या छोटे अनुपात में बनाने के लिए प्रयुक्त।

विशेषता–यह तीन प्रकार का होता है–
1. लघुकारक मापनी (RF < 1)
2. वृद्धिकारक मापनी (RF > 1)
3. पूर्ण मापनी (RF = 1)

$$\text{निरुपक भिन्न (R.F.)} = \frac{\text{नक्शे पर वस्तु की माप}}{\text{वस्तु की वास्तविक माप}}$$

नोट–मापनी के नि.भि. (R.F. = Representive Fraction) को ड्राइंग शीट के शीर्षक ब्लॉक में लिख दिया जाता है। (सभी मापनी मीटरी प्रणाली में होते है।)

8. परकार (Compass)–बड़ी परकार का प्रयोग 50 mm से अधिक व्यास के वृत्त या चाप खींचने के लिए।

- 25 mm से 50 mm व्यास के वृत्त, या चाप खींचने के लिए छोटी परकार का प्रयोग।

9. फ्रेंच कर्व (French curve)–

पदार्थ–पारदर्शक प्लास्टिक या सेल्युलाइड का बना होता है।

विशेषता व प्रयोग–इसमें अनियमित प्रकार के भिन्न-भिन्न आकार के बने होते हैं जिनकी सहायता से अनियमित व भिन्न वक्र खींचे जाते है।

10. रोल-एन-ड्रॉ (Roll-N-Draw)–क्षैतिज रेखाएँ, ऊर्ध्वाधर रेखाएँ, समान्तर रेखाएँ, चाँदे द्वारा कोण बनाना, छोटे वृत्त बनाना आदि सभी कार्य इससे सम्भव है।

11. वृत्त मास्टर–यह एक प्रकार का प्रोट्रेक्टर है, जो वृत्ताकार होता है। इस पर 0^0–360^0 तक कोण अंकित होते है।

पदार्थ–पारदर्शी प्लास्टिक या सेल्युलाइड।

12. पेन्सिल–ग्रेफाइट तथा मिट्टी (Clay) के विभिन्न मिश्रण से 18 श्रेणी के पेन्सिल बनते है।

1. कठोर–9H से 4H तक (9H, 8H, 7H, 6H, 5H, 4H)।

2. मध्यम–3H से B तक (3H, 2H, H, F, HB तथा B)।

3. नरम–2B से 7B तक (2B, 3B, 4B, 5B, 6B, 7B) ।

- पेन्सिल ग्रेड में H की वृद्धि होने पर कठोरता तथा हल्केपन में वृद्धि होती है तथा B में वृद्धि होने पर नर्म व गहरेपन में वृद्धि होती है।

प्रयोग–2H पेन्सिल बाह्य रेखा, मध्य रेखा, विच्छेद रेखा, खींचने के लिए।

- H पेन्सिल विमांकन, रेखा छादन, अक्षरांकन आदि के लिए।
- आजकल यांत्रिक या क्ले पेन्सिल का प्रयोग अधिक होता है।

नोक की आकार के आधार पर प्रयोग–

शार्प प्वाइंट पेन्सिल–संरचना रेखा तथा विमा विस्तार रेखा खींचने में।

चीजल प्वाइंट पेन्सिल–क्षैतिज तथा ऊर्ध्वाधर रेखा खींचने में।

ब्लण्ट (Blant) **लीड पेन्सिल**–अक्षरांकन विमांकन में तथा किसी विशेष प्रकार की नोट लिखने के कार्य में।

पेन्सिल उत्पादन कम्पनी–वीनस, शार्ट हैण्ड, कुतुबमीनार, कोहिनूर, अप्सरा आदि।

13. ड्राइंग शीट–एक ऐसा आरेखन यंत्र जिसे इन्जीनियर/ड्रॉफ्टमैन किसी वस्तु विशेष या अपने विचारों को पेन्सिल की सहायता से आरेखित करता है।

BIS के अनुसार ड्राइंग शीट की विनिर्दिष्ट साइज–

(IS : 10811 – 1983)

पद	कटी शीट की माप (mm में)	बिना कटी शीट की माप (mm में)
A_0	841 × 1189	880 × 1230
A_1	594 × 841	625 × 880
A_2	420 × 594	450 × 625
A_3	297 × 420	330 × 450
A_4	210 × 297	240 × 330
A_5	148 × 210	165 × 240

नोट–इंजीनियरिंग छात्रों द्वारा मुख्यतः A_2 तथा कभी-कभी A_3 माप की शीट ज्यादा प्रयोग की जाती।

- ड्राइंग शीट की लम्बाई (x) व चौड़ाई (y) में सम्बन्ध–

$$\boxed{x : y = 1 : \sqrt{2}}$$

- A_0 आकार की ड्राइंग शीट के लिए–

क्षेत्रफल $(x \times y) \approx 1$ मी.^{2}

$x = 0.841$ मी., $y = 1.189$ मी.

ड्राइंग शीट का अभिविन्यास (Layout of drawing sheet)–

- SP 46 : 2003 की संस्तुति के अनुसार A_0 तथा A_1 शीट की माप के लिए शीट के बायीं तरफ से 20 mm की दूरी पर सीमा रेखा तथा A_2, A_3, A_4 एवं A_5 माप के लिए 10 mm की दूरी पर बायें से सीमा रेखा खींची जाती है।
- अभिविन्यास के द्वारा आरेखन का प्रकार, करैक्शन (सुधार) आदि का पता चलता है।

(i) मार्जिन या सीमा रेखाएं (Margins or Border lines)–

- ड्राइंग शीट को जिल्द में बाँधते समय शीट पर बनी आरेखन खराब न हो, इसके लिए शीट पर मार्जिन या सीमा रेखाएँ खींचते हैं।
- यह बाँयें से 20 से 30 mm तक तथा शेष तीनों ओर 5 mm की दूरी पर खींची जाती।

(ii) शीर्षक ब्लॉक (Title Block)–

- यह ड्राइंग शीट के दायीं ओर नीचे वाली सीमा रेखा से 65 mm की दूरी पर खींचते है।
- शीर्षक ब्लॉक की साइज 185 mm × 65 mm होती है।
- शीट को मोड़कर फाइल में लगाते समय शीर्षक ब्लॉक ऊपर होनी चाहिए।
- इस ब्लॉक में संस्था का नाम, मापनी, प्रक्षेप चिन्ह, आरेखन शीर्षक, डिजाइनर का नाम व डिजाइन का दिनांक आदि प्रदर्शित की जाती है।

(iii) फोल्डिंग मार्क्स– यह बॉर्डर लाइन पर बना होता है। इसकी सहायता से शीर्षक ब्लॉक को ऊपर रखा जाता है।

(iv) रिवीजन पैनल– यह शीर्षक ब्लॉक में या शीट पर अलग से बनाया जाता। शीट में क्या परिवर्तन हुआ, तारीख, परिवर्तन कर्त्ता के हस्ताक्षर इत्यादि रिकॉर्ड इसमें रखा जाता है।

(v) जोन (Zone)–इसकी संख्या ड्राइंग शीट की साइज पर निर्भर होती है।

- शीट के ऊपर-नीचे की जोन को 1, 2, 3, 4 आदि से तथा दाएं-बाएं की जोन को अक्षर A, B, C, D आदि से प्रदर्शित करते है।

नोट–ड्राइंग शीट बनाने की कम्पनियाँ–व्हाट्समैन, साउन्डर्स, कैन्ट, स्कॉलर आदि।

इंजीनियरिंग ड्राइंग में प्रयुक्त कुछ अन्य उपकरण–

(i) पेन्सिल कर्तक तथा रेगमाल दस्ता–पेन्सिल कर्तक के द्वारा पेन्सिल शीघ्र नुकीला बन जाता है।

- नोक को नुकीला करने के लिए रेगमाल दस्ता (Sand Paper) प्रयुक्त होता है।

(ii) रबड़–शीट पर बनी गलत आरेखन को मिटाने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है।

नोट–ठोस रबड़ का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

(iii) ऑरेखन पिनें, क्लिप या सैलोटेप–ड्राइंग बोर्ड पर ड्राइंग शीट को सेट (स्थिर) करने के लिए प्रयुक्त होता है।

कुछ महत्वपूर्ण बिन्दु–

सरल मापनी (Plain scale)–इसमें एक साथ दो लगातार विमा (उदाहरण–मीटर व डेसीमीटर या सेमी. या मिमी.) को दर्शाया जाता है।

विकर्ण मापनी (Diagonal scale)–इसमें एक साथ तीन लगातार विमा (उदा.–मीटर, डेसीमीटर व सेमी.) को दर्शाया जाता है।

ब्लू प्रिन्ट–ड्राइंग सेक्शन में मूल ड्राइंग को ट्रेसिंग पेपर पर बनाया जाता है। इसके बाद अमोनिया पेपर पर इसकी प्रतिलिपि तैयार की जाती है, जो नीले रंग की बनती है। इसे ही ब्लू प्रिंट कहते है।

EXAM POINTS

- ड्राइंग बनाने के लिए जिस उपकरण पर **शीट सैट की जाती है,** उसे ड्राइंग बोर्ड कहते है।
- सामान्यतः बोर्ड को **20^0 के कोण पर** सैट किया जाता है।
- ड्राइंग बोर्ड बनाने के लिए विभिन्न पट्टियों को **दो बैटन पर** स्क्रू द्वारा जोड़ा जाता है।
- ड्राइंग बोर्ड की सतह पूर्णतया समतल व किनारे सीधे तथा **आपस में समकोण** होने चाहिए।
- B_0 नाम वाले ड्राइंग बोर्ड की माप **1500 × 1000 × 25 (mm^3)** होती है।
- B_2 आकार वाले ड्राइंग बोर्ड की माप **700 × 500 × 15 (mm^3)** होती है।
- एक ड्राइंग शीट को मोड़ने पर निचले भाग पर **शीर्षक ब्लॉक** होना चाहिए।
- शीर्षक ब्लॉक ड्राइंग शीट के **निचले दायें कोने में** बनाया जाता है।
- शीर्षक ब्लॉक (Title block) में संस्था का **नाम, मापनी, प्रक्षेप चिह्न, आरेखन का शीर्षक आदि** सूचनाएँ लिखी जाती है।
- A_0 साइज वाली ड्राइंग शीट का आकार **841 × 1189 mm^2** (कटी हुयी शीट की माप) होता है।
- A_2 माप के ड्राइंग शीट का प्रयोग **सबसे अधिक** किया जाता है।
- A_0 ड्राइंग शीट का क्षेत्रफल **1 $मी^2$** होता है।
- स्टैण्डर्ड ड्राइंग बोर्ड को **IS 1444–1989 द्वारा** प्रतिपादित किया गया है।
- स्टैण्डर्ड ड्राइंग बोर्ड IS 1444–1989 के अनुसार ड्राइंग बोर्ड की साइज **700 × 500 × 15 mm^3** रखा गया है।
- प्रोटेक्टर में **0^0 से 180^0 तक** के कोण अशांकित होते है।
- ड्राइंग शीट की लम्बाई व चौड़ाई का अनुपात **$1:\sqrt{2}$** होता है।
- टी-स्क्वायर का प्रयोग ड्राइंग शीट पर **क्षैतिज रेखाएँ खींचने में** किया जाता है।
- T_0 वाले टी-स्क्वायर के ब्लेड की लम्बाई **1500 mm** होती है।
- T_3 वाले टी-स्क्वायर के ब्लेड की लम्बाई **500 mm** होती है।
- टी-स्क्वायर का प्रयोग **आनत (Inclined)** रेखाओं को खींचने के लिए नहीं किया जाता है।
- सैट-स्क्वायर **दो प्रकार** के होते है।
- पहले प्रकार के सैट स्क्वायर में **पहला कोण 30^0, दूसरा कोण 60^0 तथा तीसरा कोण 90^0** का होता है।
- दूसरे प्रकार के सैट-स्क्वायर में **दो कोण 45^0 के और एक कोण 90^0** का होता है।
- सैट स्क्वायर का प्रयोग करके **15^0 के गुणांक में** कोण बनाये जा सकते है।
- चाँदा की सहायता से **0^0 से 180^0** तक के कोण सुगमतापूर्वक मापे व बनाये जा सकते है।
- मापनी (scale) का प्रयोग **विमाओं को मापने तथा सीधी रेखाओं को खींचने** हेतु किया जाता है।
- मापनी के **एक ओर सेमी. तथा दूसरी ओर इंच में** मार्किंग होती है।
- ड्राइंग पेपर या ट्रेस पेपर पर जिस सामग्री द्वारा **रेखाएँ खींचकर आरेखन किया जाता है** पेंसिल कहलाती है।
- पेंसिल की लैड **ग्रेफाइट व कॉलिन अथवा चीनी मिट्टी** से बनायी जाती है।
- पेंसिल में जितनी अधिक कॉलिन (Kaolin or clay) की मात्रा होती है पेंसिल **उतनी ही अधिक कठोर** होती है।
- हल्की व महीन लाइनों को खींचने हेतु **कठोर ग्रेड की पेंसिल** का प्रयोग किया जाता है।
- मोटी तथा चमकदार लाइनों को खींचने हेतु **मुलायम ग्रेड की पेंसिल** का प्रयोग किया जाता है।
- 9H, 8H, 7H, 6H, 5H तथा 4H ग्रेड की पेंसिलें **कठोर ग्रेड की** पेंसिलें कहलाती है।
- 3H, 2H, H, HB तथा B ग्रेड की पेंसिल **मध्यम ग्रेड की** पेंसिल कहलाती है।
- 2B, 3B, 4B, 5B, 6B तथा 7B ग्रेड की पेंसिल **मुलायम (Soft) ग्रेड की पेंसिल** कहलाती है।
- एबॉनी (Ebony) ड्राइंग बोर्ड पर **बाएँ सिरे पर लगी एक पट्टी** होती है, जिसकी सहायता से ड्राइंग शीट पर समान्तर रेखाएँ खींचना सम्भव होता है।
- 45^0–45^0 और 90^0 कोण के सैट-स्क्वायर की लम्बाई **20 सेमी.** होती है।
- विमाओं का मापन करने हेतु **स्केल** का प्रयोग किया जाता है।
- कम्पास की **समंजनीय लैग** में पेंसिल की लैड लगाने की व्यवस्था होती है।
- छोटी कम्पास द्वारा **25 मिमी. से 50 मिमी. व्यास** के वृत्त व चाप खींचे जा सकते है।
- बड़ी कम्पास का उपयोग **150 मिमी. से अधिक** व्यास के वृत्त खींचने के लिए किया जाता है।
- ड्राइंग शीट के विनिर्देशित आकार $A_4 \times 3$ का अर्थ है कि A_4 साइज की शीट की लम्बाई को **पहले की अपेक्षा तीन गुना** बढ़ायी गयी है।
- भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) द्वारा निर्धारित शीर्षक ब्लॉक की साइज **185 सेमी. × 65 सेमी.** है।
- B2 ड्राइंग बोर्ड की माप **700×500 ×15mm** होती है।
- H पैन्सिल 2H पैन्सिल से **नरम** होती है।
- A2 ड्राइंग सीट का माप **420×594mm** होता है।
- स्केल 1 : 2 का मतलब **हाफ फुल साइज** होता है।
- टी–स्क्वायर से **क्षैतिज** रेखाएँ खींची जाती हैं।
- विमांकन के लिए प्रयुक्त पेन्सिल है-**H ग्रेड**

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

(Objective Question)

1. A4 शीट की छोटी भुजा A4 और A3 शीट की लंबी भुजा का अनुपात ..... होता है–

(a) 1 : 1 (b) $1:\sqrt{2}$
(c) 1 : 4 (d) 1 : 2

Ans. (d) : A4 size – 297 × 210 mm
A3 size – 297 × 420 mm
A4 शीट की छोटी भुजा और A3 शीट की लम्बी भुजा का अनुपात 1 : 2 होता है।

2. निम्नलिखित में से कौन किसी भी मानक इंजीनियरिंग ड्राइंग शीट की लंबाई और चौड़ाई का अनुमानित अनुपात है?

(a) $1:\sqrt{2}$ (b) $3:\sqrt{3}$
(c) $1:\sqrt{3}$ (d) $2:\sqrt{3}$

Ans. (a) : किसी भी मानक इंजीनियरिंग ड्राइंग शीट की लंबाई और चौड़ाई का अनुमानित अनुपात $1:\sqrt{2}$ होता है।

3. यदि किसी मानक इंजीनियरिंग आरेख शीट की चौड़ाई 841mm है, तो इसकी लंबाई ..... mm होगी।

(a) 1189 (b) 1216
(c) 1000 (d) 1250

Ans : (a) यदि किसी मानक इंजीनियरिंग आरेख शीट की चौड़ाई 841mm है, तो इसकी लंबाई 1189 mm होगी।

4. शीर्षक ब्लॉक में दर्शाया जाता है?

(a) कम्पनी के नाम (b) ड्राइंग का शीर्षक
(c) ड्राइंग का पैमाना (d) उपरोक्त सभी

Ans : (d) शीर्षक ब्लॉक में कम्पनी का नाम, ड्राइंग का शीर्षक, ड्राइंग का पैमाना, प्रक्षेप का प्रकार एवं ड्राइंग संख्या आदि को दर्शाया जाता है।

5. एक इंजीनियरिंग ड्राइंग विभिन्न प्रकार की जानकारी देती है, उसमें सबसे महत्वपूर्ण जानकारी क्या होती है?

(a) लम्बाई (b) चौड़ाई
(c) ऊँचाई (d) आकार

Ans : (d) इंजीनियरिंग ड्राइंग में विभिन्न प्रकार के वस्तु की लम्बाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई के साथ-साथ मुख्य रूप से उसकी आकृति की भी जानकारी होती है। इससे उसी आकार के दूसरे वस्तु को एक से अधिक संख्या में बनाने में मदद मिलती है।

6. गतिविधियों के रूप में इंजीनियरिंग ड्रॉइंग किस रूप में उत्पत्ति करता है?

(a) अभिलेख (b) प्रकार
(c) उत्पाद (d) इनमें से कोई नहीं

Ans : (a) अभियांत्रिक आरेखन (Engineering drawing) सर्वत्र प्रचलित है, अतः इस कारण इस आरेखन को सार्वत्रिक भाषा कहते हैं। गतिविधियों के रूप में इंजीनियरिंग ड्राइंग 'अभिलेख' रूप में उत्पत्ति करता है।

7. इंजीनियरिंग ड्रॉइंग में विचारों की अभिव्यक्ति किस रूप में ली जा सकती है?

(a) मौखिक (b) लिखित
(c) सांकेतिक (d) ये सभी

Ans : (d) इंजीनियरिंग ड्राइंग में विचारों की अभिव्यक्ति निम्न रूप में ली जा सकती है–
(i) मौखिक, (ii) लिखित, (iii) सांकेतिक
अभियांत्रिक दृष्टि से इंजीनियरिंग ड्राइंग को मुख्यतः निम्न भागों में विभक्त किया जाता है–
1. ज्यामितीय आरेखन
2. यांत्रिक या मशीन आरेखन
3. विद्युतीय आरेखन
4. जनपदीय (Civil) आरेखन
5. इलेक्ट्रानिकी आरेखन

8. मापनी 1 : 2 से आप क्या समझते है?

(a) फुल साइज (b) इनलार्जिंग साइज
(c) रिड्यूसिंग साइज (d) इनमें से कोई नहीं

Ans : (c) 1:2 मापनी एक रिड्यूसिंग साइज का मान है, क्योकि इसकी निरूपक भिन्न एक से कम (1:2) है। जब बहुत बड़े आकार की वस्तु का ड्राइंग बनाना होता है, तब इस प्रकार के मापनी का प्रयोग करते है। इसमें वस्तु की जो वास्तविक साइज होती है उससे कम साइज की ड्राइंग बनाते हैं। जैसे- भवन, सड़क आदि की ड्राइंग।

9. घड़ी के पुर्जों की ड्राइंग बनाने के लिए आप किस मापनी का प्रयोग करेंगे?

(a) फुल साइज मापनी
(b) इनलॉर्जिंग साइज मापनी
(c) रिडयूसिंग साइज मापनी
(d) सभी

Ans : (b) घड़ी के पूर्जों की ड्राइंग बनाने के लिए हम इनलार्जिंग साइज मापनी का प्रयोग करेंगे, क्योकि घड़ी के पुर्जो की साइज बहुत कम होती है। इसलिए इसको अच्छी तरह से प्रदर्शित करने के लिए पुर्जों के वास्तविक साइज से कुछ अधिक साइज का ड्राइंग बनायेगे।

10. मापनी 1:1 से किन-किन वस्तुओं की ड्राइंग बनायी जा सकती है?

(a) बड़ी माप की वस्तुओं
(b) मध्यम माप की वस्तुओं
(c) छोटी माप की वस्तुओं
(d) 'a' और 'b' दोनों

Ans : (b) मापनी 1:1 से मध्यम माप की वस्तुओं की ड्राइंग बनायी जाती है। मध्यम माप की वस्तुओं की ड्राइंग उनकी वास्तविक माप के बराबर बनायी जाती है।

02. रेखाएँ (Lines)

रेखाओं के खण्ड (Lines Segment)–विभिन्न रेखा तत्वों के दो या दो से अधिक समूह जो एक अनिरन्तर रेखा बनाते हैं, रेखा के खण्ड (Line segment) कहलाते हैं। जैसें Long dash/ gap/ dot आदि।

रेखा का विनिर्देशीकरण (Designation of Line)–एक सामान्य प्रकार की रेखा का विनिर्देशीकरण SP 46:2003 के अनुसार निम्न आधार पर किया जाता है–

(a) रेखा के प्रकार
(b) IS no संदर्भ
(c) सामान्य प्रकार की रेखा का नम्बर
(d) रेखा की चौड़ाई
(e) रेखा का रंग

रेखा के प्रकार (Types of Lines):–

रेखायें मुख्यतः दो प्रकार की होती हैं–

(a) सीधी रेखा (Straight Line)
(b) वक्र रेखा (Curved Line)

(a) सीधी रेखा (Straight Line)–किसी बिन्दु के एक ही दिशा विशेष में गतिमान होने पर बना बिन्दुपथ सीधी रेखा कहलाता है।



चित्र- सीधी रेखा

सीधी रेखा के प्रकार–

(i) क्षैतिज रेखा
(ii) ऊर्ध्वाधर रेखा
(iii) तिर्यक रेखा

(i) क्षैतिज रेखा (Horizontal Line)–क्षैतिज तल के समान्तर रेखाये, क्षैतिज रेखाये कहलाती है।

(ii) ऊर्ध्वाधर रेखा (Vertical Line)–वे रेखायें जो क्षैतिज रेखाओं के लम्बवत् होती है।



चित्र- ऊर्ध्वाधर रेखा

(iii) तिर्यक रेखा (Oblique Line)–तिर्यक रेखाओं से आशय उन रेखाओं से है जो न तो ऊर्ध्वाधर होती हैं और न ही क्षैतिज, नीचे दर्शाये गये चित्र से स्पष्ट है।

चित्र- तिर्यक रेखा

(b) वक्र रेखा (Curved Line)–जब कोई बिन्दु किसी समतल पर विभिन्न दिशाओं में गति करता है, तो उसकी गति से बनने वाले बिन्दुपथ को वक्र रेखा कहते हैं जैसा कि नीचे चित्र में दिखाया गया है।



अन्य प्रकार की रेखायें –

(i) समान्तर रेखा (Parallel Lines)–दो ऐसी रेखाएँ जो समान दूरी पर आगे बढ़ते हुए एक-दूसरे को कभी प्रतिच्छेदित न करें, समान्तर रेखाएं कहलाती हैं।

नोट– समान्तर रेखायें सीधी अथवा वक्राकार किसी भी प्रकार की हो सकती है



चित्र- समान्तर रेखा

(ii) लम्बवत रेखाएँ (Perpendicular Lines)–जब दो रेखायें 90° का कोण बनाते हुए मिलाया जाता है, तब ये रेखाएं परस्पर लम्बवत रेखाएँ कहलाती हैं। इनमें से एक रेखा सन्दर्भ रेखा (reference line) होती है–



रेखाओं का वर्गीकरण (Classification of lines)–

रेखा को निम्नलिखित प्रकार से वर्गीकृत किया गया है–



A-Outline, B-Extension line, C-Short break line, D-Hidden line, E-Centre line, F-Cutting plane line, G-Alternate position line, H-Long break line, I-Dimension line, J-Locus line, K-section lines.
विभिन्न प्रकार की रेखाओं के प्रयोग का नमूना।
(Example for the use of various types of lines)

(a) आब्जेक्ट व बाह्य रेखा (Out line)–यह रेखा वस्तु की बाहरी कोर को प्रदर्शित करती है। यह पतली रेखा से तीन गुनी मोटी होती है।

- इस रेखा का प्रयोग वस्तु की बाहरी सीमा रेखा तथा बाह्य दिखाई देने वाले किनारों को बनाने में किया जाता है।
- इसे आउटलाइन के नाम से भी जाना जाता है।
- यह किसी भी वस्तु के आरेखन में मुख्य रेखा की भूमिका निभाती है।



चित्र- वस्तु रेखा का प्रदर्शन

(b) छेदक तल रेखा (Cutting plane line) (F) :–

- यह रेखा छेदक तल को निरूपित करती है।
- इसमें क्रमशः बड़ी और छोटी रेखिकाएँ होती है।
- इसके सिरे की रेखिकाएँ मोटी तथा बीच की पतली होती हैं।
- इस रेखा की मोटाई केन्द्र रेखा से अधिक होती है तथा इन रेखाओं के किनारों पर डैशों की मोटाई, मध्य के डैशों की अपेक्षा अधिक होती है।



(c) लघुभंग रेखा (C_1 प्रकार) (Short break lines C_1)– इस श्रेणी में C_1 टाइप की मुक्त हस्त वक्र तथा पतली सतत रेखा होती है।

- इनका प्रयोग आंशिक या बाधित रेखाचित्रों की सीमाएं दर्शाने के लिए किया जाता है।
- 0.5 मिमी. श्रेणी में इनकी मोटाई 0.2 मिमी. होती है।
- किसी पुर्जे के खण्ड को प्रदर्शित करने हेतु इस रेखा का प्रयोग किया जाता है।
- इस रेखा का प्रयोग करने से ड्राइंग में स्थान की बचत और समय की बचत होती है।



(d) लाँग ब्रेक रेखाएं (D_1 प्रकार) (Long Break lines D_1)–यह रेखाएं सरल व टेढ़ी-मेढ़ी रेखाओं के मेल से बनती हैं। इनका प्रयोग आंशिक या बाधित रेखाचित्रों की सीमाएं दर्शाने के लिए किया जाता है।

- बड़ी वस्तुओं के टुटे हुए भाग को निरूपित करती है। यह मुक्तहस्त खींची जाती है जिसके समान अंतराल पर Z की आकृति होती है।



(e) अदृश्य रेखा (Hidden Line) (D) :–

- इसमें छोटी-छोटी रेखिकाएँ (Dashes) होती हैं जो एक दूसरे से समान दूरी पर पास-पास होती हैं।
- यह रेखा वस्तु में समानान्तर और समान अंतराल की होती हैं।
- ये वस्तु की अदृश्य सतह को निरूपित करती हैं।



(f) छेदक रेखाएँ या आच्छादित रेखाएँ (Section Lines or Hatching Lines) (K) :–

- ये रेखाएँ ड्राइंग की बाह्य रेखाओं से 45^0 पर झुकी हुई।
- ये वस्तु की कटी हुई सतह को निरूपित करती हैं।



(g). केन्द्र रेखा (Centre Line) (E) :–

- किसी वस्तु के मध्य भाग को प्रदर्शित करने के लिये, उस वस्तु के केन्द्र से होते हुए एक रेखा खींची जाती है, जो केन्द्र रेखा कहलाती है।
- इन रेखाओं को खींचने में डैश का उपयोग किया जाता है।
- रेखा को बनाने के लिये 6:1 से 4:1 के अनुपात में डैश लगाये जाते है।
- यह बड़ी रेखिका से शुरू होती है और बड़ी रेखिका से ही समाप्त होती है।
- इस रेखा के चारों तरफ वस्तु को बेलनाकार और सममित (Symmetrical) समझा जाता है। वृत्त की दो मध्य रेखाएँ होती हैं।



(h) विमांकन रेखा (B_1 प्रकार) (Dimension Line B_1 Type):

- ये सतत बारीक रेखाएं होती हैं।
- इस रेखा का प्रयोग किसी वस्तु की माप दिखाने हेतु किया जाता है।
- इस रेखा को एक लम्बी रेखा के दोनों सिरों पर तीर बनाते हुये इसके साथ प्रोजेक्शन रेखा खींचकर बनाया जाता है।
- अदृश्य रेखाओं का विमांकन नहीं किया जाता है।
- डायमेंशन लाइन एक-दूसरे को कभी नहीं काटती है।
- यह लाइन भी हल्की होनी चाहिए।
- दो Extension Lines के बीच सिर्फ एक ही डायमेंशन होनी चाहिए।
- डायमेंशन लाइन का स्थान भी सही तरीके से होना चाहिए।



—Dimensioning of two mating parts



—Dimensioning on machining parts

(i) लीडर रेखा (Leader Line) **(B4 प्रकार की रेखा)**–इस रेखा का प्रयोग विमांकन (dimensioning) करते समय किया जाता है। यह अधिकतर त्रिज्या तथा व्यास की विमाओं में प्रयोग की जाती है।

- लीडर रेखाएँ त्रिज्यिय तथा क्षैतिज से 30°-60° कोण पर झुकी होनी चाहिए।



लीडर रेखाएँ तीन प्रकार से प्रदर्शित की जा सकती है–

(a) एक बिंदु के द्वारा

(b) तीर के द्वारा

(c) बिंदु के बिना या तीर शीर्ष के साथ.

(j) प्रसारण रेखा (Extension Line) **(B) :-**यह विमा रेखा के लम्बवत होती है और उसके तीर शीर्ष को स्पर्श करती है। यह वस्तु की बाह्य रेखा से 2मिमी. दूर और तीर शीर्ष से 3मिमी. आगे तक होती है।



विस्तार रेखा का प्रदर्शन

(k) बिन्दुपथ रेखा (Locus Line) **(J) :-**

- यह मध्य रेखा की तरह खींची जाती है और वस्तु के बिन्दुपथ को निरूपित करती है।

कक्षा कार्य के लिए रेखाओं की मोटाई इस प्रकार होनी चाहिए–

पतली रेखा (Thins line)	0.3 मिमी. मोटी
मध्यम रेखा (Medium line)	0.5 मिमी. मोटी
मोटी रेखा (Thick line)	1.0 मिमी. मोटी

(l). निर्माण रेखा (Construction Line B1)–निर्माण रेखा का प्रयोग किसी वस्तु की प्रारम्भिक रचना करते समय किया जाता है।

- इस रेखा को अधिक दबाव से नहीं बनाना चाहिए क्योंकि कभी–कभी इस रेखा को कार्य की रचना से हटाना भी पड़ सकता है।
- इस रेखा का उपयोग सेक्शनिंग भाग में भी किया जाता है।



नोट–आब्जेक्ट लाइन व डायमेंशन लाइन के बीच में कम से कम 8 मिमी अवश्य हो तथा दो डायमेंशन लाइन के बीच दूरी 6 से 8 मिमी तक होनी चाहिए।

एरो हेड (Arrow Head)-

- ऐरो हैड बनाते समय यह अनिवार्य होता है कि ऐरो हैड एक्सटेंशन लाइन को अवश्य स्पर्श करें, एक्सटेंशन लाइन से आगे नहीं निकलना चाहिए तथा पहले भी समाप्त नहीं होना चाहिए।

अतः ऐरो लगाने का सही विधि–

- ऐरो हैड की लम्बाई तथा मोटाई में 3:1 का अनुपात होता है, अर्थात् लम्बाई, मोटाई का तीन गुना होता है।



a:b =1:3

विभिन्न प्रकार के ऐरो हैड–





Arrow heads

1. Open (90°)
2. Open (20°)
3. Closed
4. Closed and Filled
5. Oblique Stroke



- ऐरो हेड डायमेंशन लाइन को समाप्त करने के लिए प्रयुक्त होता हैं।
- डायमेंशन लाइन के दोनों छोरों पर ही ऐरो हेड का प्रयोग किया जाता है।

विमांकन या आयामीकरण (Dimensioning)–

अवस्थिति के आयाम (Location Dimension, L)–चित्र में दर्शाए गए के अनुसार किसी संदर्भित सतह या मध्य रेखा आदि के लिए एक दूसरे से संबद्ध अवयवों की विभिन्न विशेषताएं अवस्थित करने के लिए आवश्यक होते हैं।

(प्रचलन में S तथा L अक्षरों को डायमेन्शंस के साथ कभी भी संबोधित नहीं किया जाता है।)



विमांकन की प्रणाली–

संरेखीय प्रणाली (Aligned System)–

1. इस विमांकन विधि में सभी विमाएँ सदैव विमा रेखा के समान्तर (Parallel) ही लिखी जाती है।
2. इस विधि में विमा रेखा टूटी नहीं होती।
3. सभी विमाएँ सदैव विमा रेखा के ऊपर लिखी जाती है।



Aligned Method of Dimensioning

असंरेखीय प्रणाली–अलाइन्ड सिस्टम में लिखी गयी विमाएँ आरेखन के नीचे तथा दायीं ओर से पढ़ी जाती है।

यूनिडायरेक्शनल प्रणाली (Unidirectional System)–

- इस प्रणाली में डायमेंशन को डाइमेंशन लाइन के बीच में थोड़ी सी जगह छोड़ कर डाली जाती है।
- इस प्रणाली में सभी डायमेंशन इस प्रकार रखी जाती है कि ड्रॉइंग शीट के निचले हिस्से से भी इसे पढ़ी जा सकती है।
- इस विधि का प्रयोग अधिकतर बड़ी ड्रॉइंग के लिए किया जाता है।
- विमा रेखा किसी भी दिशा में हो पर विमाएँ सीधी व ऊर्ध्वाधर लिखी जाती है।



Unidirectional Method of Dimensioning

डाइमेंशनिंग तकनीक–उपरोक्त दो प्रणालियों के अलावा कभी-कभी संयुक्त प्रणाली का भी प्रयोग किया जाता है।

प्रोग्रेसिव डायमेंशनिंग (progressive dimensioning)– इस डायमेंशनिंग में विमा रेखा एक मूल बिन्दु से प्रारम्भ होकर तीर शीर्ष के साथ एक ही दिशा में बढ़ती है।



प्रोग्रेसिव विमांकन

समान्तर विमांकन–

- समान्तर विमांकन व्यवस्था में, सभी विमा रेखाएं एक समान बिन्दु से शुरू होकर, एक दूसरे के समान्तर होती हैं।
- इस विधि में उभयनिष्ठ भागों से सभी विमा संख्याएँ एक ही दिशा में मापी जाती हैं।



श्रृंखला (Chain) विमांकन–

चैन डायमेंशनिंग में कार्यखण्ड की विभिन्न विमाओं को एक के बाद एक विमा खींचकर एक ही सीध में दर्शाया जाता है।



श्रृंखला आयामीकरण

कम्बाइंड विमांकन–

- कम्बाइंड डायमेंशनिंग विधि चैन एवं पैरलल डायमेंशनिंग का एक मिश्रित रूप है।
- इस प्रकार के डायमेंशनिंग का प्रयोग वहाँ किया जाता है, जहाँ जगह कम होने के कारण विमाएँ पढ़ने में परेशानी हो।



नकारात्मक विमा–

- नकारात्मक या अक्रियात्मक विमा (Non-functional Dimension) को उत्पादन उद्देश्य से प्रयुक्त तो किया जाता है, परन्तु सीधे–सीधे उत्पाद के उत्पादन को प्रभावित नहीं करते हैं।
- नकारात्मक विमा दिये गये अवयव के लिए कार्यहीन होते हैं।

कार्यात्मक विमा–

कार्यात्मक विमा (Functional Dimension) अवयव के कार्य अथवा क्रियाविधि को दर्शाते हैं। कार्यात्मक विमा संयोजन (assembly) में अवयव की स्थापन करने की विधि को दर्शाते हैं।

Note:

1. यूनिडायरेक्शनल सिस्टम में किसी वस्तु की सभी विमाएँ ड्राइंग शीट पर इस प्रकार दर्शाते हैं कि सामने से देखने पर सभी विमाएँ सीधी व ऊर्ध्वाधर दिखाई दें, चाहे विमा किसी भी दिशा में हो।

2. नकारात्मक डायमेंशनिंग का ड्राइंग में सीधे तौर पर कोई अर्थ नहीं होता है। इनका मान कम ज्यादा हो सकता है।

- नकारात्मक डायमेंशनिंग का सामान्यतः निरीक्षण नहीं किया जाता है।
- ये डायमेंशनिंग दिये गये अवयव के लिए कार्यहीन होते हैं।

मानक के अनुसार रेखाओं का प्रदर्शन
(Representation of lines According to standard)

S.No.	Object	Convention
1.	Object line or Outline	Thick
2.	Hidden Line	Thin
3.	Centre Line or Locus Line	Thin
4.	Constructiona, Projection and Sectional Lines	Thin
5.	Dimension and Extension Line	Thin
6.	Short Break Line	Thin
7.	Long Break Line	Thin, 10 to 25
8.	Cutting Plane Line	Medium
9.	Ditto Line	Medium
10.	Tlegraph Elephone and Chain Lines	Medium

EXAM POINTS

- समतल पर किसी गतिमान बिन्दु द्वारा बनने वाले **बिन्दु पथ (Locus point)** को रेखा कहते है।
- दो बिन्दुओं के बीच की दूरी जिसमें **दिशा अपरिवर्तित हो** सीधी रेखा (Straight line) कहलाती है।
- दो बिन्दुओं के बीच की दूरी जिसमें **दिशा निरन्तर परिवर्तित हो** वक्र रेखा (Curve line) कहलाती है।
- वे रेखाएँ, जिनके **बीच की दूरी समान रहे** तथा उन्हें आगे बढ़ाने पर वे **एक-दूसरे को न काटे**, समान्तर रेखाएँ कहलाती है।
- समान्तर रेखाएँ **सीधी अथवा वक्राकार** किसी भी प्रकार की हो सकती है।
- यदि दो या दो से अधिक रेखाएँ **किसी बिन्दु पर मिल जायें** तो वे रेखाएँ असमान्तर या प्रतिच्छेदी रेखाएँ कहलाती है।
- वे रेखाएँ जो **क्षैतिज रेखाओं पर लम्ब** होती है, ऊर्ध्वाधर रेखाएँ कहलाती है।
- किसी वस्तु की **आउटलाइन हेतु प्रयुक्त रेखाएँ**, वस्तु रेखाएँ कहलाती है।
- वह रेखाएँ जो **न तो ऊर्ध्वाधर होती है और न ही क्षैतिज,** तिर्यक रेखा (Inclined line or Oblique line) कहलाती है।
- जब दो रेखाएँ **90^0 के कोण** पर मिलते है तो उन्हें लम्बवत् रेखाएँ कहते है।
- खण्डित रेखाओं (----------) का प्रयोग **अदृश्य रेखाओं को** दिखाने के लिए किया जाता है।
- शृंखलित पतली रेखा (–·–·–·–) का प्रयोग **केन्द्र रेखा के रूप में** किया जाता है।

- पानी के सतह के समान्तर रेखा को **क्षैतिज रेखा** कहते है।
- यदि एक रेखा को **क्षैतिज तल से कुछ झुकाव** पर खींचा जाता है तो उसे तिर्यक रेखा कहते है।
- किसी वस्तु की बाह्य सीमा रेखा तथा किनारों को प्रदर्शित करने हेतु **वस्तु रेखा का** प्रयोग किया जाता हैं।
- वस्तुओं के कटे हुए भाग को प्रदर्शित करने के लिए **सेक्शन रेखा** का प्रयोग किया जाता है।
- सेक्शन रेखाएँ सामान्यतः **क्षैतिज से 45^0 के झुकाव पर** खींची जाती है।
- केन्द्र रेखा बनाने के लिए **6 : 1 से 4 : 1 के अनुपात** में डैश बनाये जाते है।
- दो बिन्दुओं के वक्र तथा एक विशेष प्रकार के पैमाने से होकर जाने वाली रेखा **केन्द्र रेखा** होती है।
- अदृश्य रेखा का प्रयोग किसी **छिपे हुए भाग को** दिखाने के लिए किया जाता है।
- केन्द्र रेखा खींचते समय समान रिक्ति छोड़ते हुए **एक छोटा एवं एक बड़ा डैश** लगाते है।
- अदृश्य रेखा को खींचने हेतु समान रिक्ति छोड़ते हुए **समान लम्बाई के डैश** लगाते है।
- किसी रेखा के द्वारा दो समान भागों में विभाजित होने वाली दूसरी तथा पहली रेखा के मध्य बनने वाले कोण की माप **90^0** होती है।
- किसी भी ड्राइंग में **किनारों को दर्शाने वाली** रेखा को आउटलाइन रेखा कहते है।
- आउटलाइन रेखा **मोटी, निरन्तर तथा वस्तु के आकार** को दर्शाने के लिए प्रयोग की जाती है।
- कटिंग रेखा को क्रमशः **लम्बी डैश व छोटी डैश** द्वारा बनायी जाती है।
